अमर उजाला

Unnao News: पुलिस के हत्थे चढ़े नकली नोट छापने वाले 2.95 लाख के जाली नोट, उपकरण बरामद

औरास (उन्नाव)। थाना पुलिस ने एसओजी के साथ मिलकर कार सवार दो युवकों को 2.95 लाख के 500 व 100 के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर नकली नोट छापने के उपकरण और कागज बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में एक लखनऊ का और दूसरा हरदोई का रहने वाला है। पुलिस को शक है कि गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनका पता लगाया जा रहा है।

औरास थाना पुलिस को गुरुवार सुबह कार से जाली नोटों की सप्लाई की सूचना मिली। सुबह करीब 10:44 बजे औरास एसओ और एसओजी प्रभारी ने टीम के साथ औरास-रहीमाबाद मार्ग पर कटरा तरौना पुल के पास वाहन की चेकिंग शुरू की। इसी दौरान हरदोई की ओर से लखनऊ नंबर की सफेद रंग की कार आते दिखी। पुलिस को देख चालक ने कार घुमाकर भगाने का प्रयास किया।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/unnao/police-arrested-those-who-printed-fake-notes-counterfeit-notes-worth-rs-295-lakh-equipment-recovered-unnao-news-c-221-1-uno1001-121379-2024-10-18